कोटद्वार, गुरूवार
9 अक्टूबर 2025
वर्ष: 47
अंक: 151 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### मसूरी पालिका के दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को हाईकोर्ट से राहत

नैनीताल। हाईकोर्ट ने मसूरी नगर पालिका के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए, उनसे अपना प्रत्यावेदन अधिशासी अधिकारी को देने को कहा है। साथ ही अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया है कि जब तक प्रत्यावेदन पर निर्णय नहीं हो जाता, तब तक इन कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान न्यूनतम वेतनमान दिया जाए। याचिकाओं की सुनवाई वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि वे पिछले दस वर्षों से अधिक समय से नगर पालिका परिषद मसूरी में समूह ह्यघ कर्मचारी के रूप में दैनिक वेतन पर काम कर रहे हैं। लेकिन पालिका की ओर से उनको नियमित करने पर विचार नहीं किया गया। उन्हें ह्यसमान काम के लिए समान वेतन के सिद्धांत के तहत नियमित कर्मचारियों के वेतनमान का लाभ भी नहीं मिल रहा है।

### उत्तरकाशी में 58 लाख की काजल की लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी की डुंडा पुलिस ने प्रतिबंधित काजल काठ की लकड़ी की तस्करी कर ले जा रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से काजल काठ के 597 नग बरामद किए है। पुलिस के अनुसार बाजार में इनकी कीमत 58 लाख रुपये आंकी गई है। यहां एसएचओ कोतवाली भावना कैंथोला के नेतृत्व में चौकी प्रभारी डुंडा प्रकाश राणा और उनकी टीम ने बुधवार सुबह डुंडा बैरियर के पास चैकिंग के दौरान एक यूटिलिटी वाहन से काजल काठ की लकड़ी के 597 नग बरामद किए। जिस पर पुलिस ने वाहन में सवार गोपाल बोहरा उम्र 39 वर्ष पुत्र चन्द्र सिंह बोहरा निवासी ग्राम डोली, जिला कंचनपुर, महाकाली नेपाल, हॉल मोजांग, त्यूणी देहरादून और वाहन चालक विजय उम्र 35 वर्ष पुत्र प्रेमलाल निवासी नाल्ड, गंगोरी भटवाड़ी, उत्तरकाशी को हिरासत में लिया। राणा ने बताया कि भटवाड़ी ब्लॉक के अगोड़ा क्षेत्र के जंगलों से इस प्रतिबंधित लकड़ी को इकट्ठा कर देहरादून और सहारनपुर ले जाने के फिराक में थे। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए आरोपियों को प्रतिबन्धित लकड़ी के साथ वन विभाग के सुपुर्द किया गया है। एसआई राणा ने बताया कि बरामद लकड़ी की कीमत बाजार में 58 लाख रुपये आंकी गई है। बता दें कि काजल की लकड़ी उच्च हिमालय के आरक्षित वन क्षेत्र में पाई जाती है। काजल औषधीय दृष्टिकोण से सर्वोत्तम मानी जाती है। बौद्ध सम्प्रदाय के लोग इसके बर्तन (बाउल) बनाकर खाद्य एवं पेय पदार्थों के लिए इस्तेमाल करते हैं।

### बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से तबाह हुई धान की फसल

रुड़की। क्षेत्र में दो दिन पहले हुई बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। पहले से ही मुश्किल हालात में फंसे किसानों को अब और बड़ा झटका लगा है। बारिश और हवाओं के कारण पककर तैयार खड़ी धान की फसल जमीन पर गिर गई है, जिससे बालियां पानी में भीगकर सड़ने लगी हैं। वहीं, कई खेतों में चूहे भी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर धान की खेती होती है, लेकिन इस बार गंगा और सोलानी नदी के जलभराव ने किसानों को पहले ही संकट में डाल दिया था। महीनों तक खेतों में पानी भरा रहने से धान की फसल को भारी क्षति हुई। अब जब कुछ बची–खुची फसल तैयार थी और कटाई का समय आ गया था, तभी मौसम की मार ने स्थिति और खराब कर दी। किसान हरपाल सिंह, अंकित कुमार और जय सिंह ने बताया कि लगभग 60 प्रतिशत फसल पहले ही खराब हो चुकी थी।

### के.ए. पॉल ने सीजेआई पर हमले की निंदा की

नई दिल्ली, ग्लोबल पीस इनिशिएटिव के संस्थापक डॉ. के.ए. पॉल ने सर्वोच्च न्यायालय परिसर के अंदर मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायाधीश गवाई पर हाल ही में हुए हमले की कड़ी निंदा की है। यह घटना दिन–दहाड़े हुई और इसने भारत में न्यायपालिका की सुरक्षा और कानून के शासन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पहली बार भारत दौरे पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री

## व्यापारिक और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर रहेगा फोकस



नई दिल्ली, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। बुधवार की सुबह मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर महाराष्ट्र के गवर्नर आचार्य देवव्रत ने उनका स्वागत किया। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी मौजूद रहे। बता दें, पीएम स्टार्मर ने जब से ब्रिटेन का पदभार संभाला है, उसके बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। ब्रिटेन पीएम के डाउनिंग स्ट्रीट के ऑफिस नंबर 10 ने उनकी इस यात्रा को 'मुंबई के लिए दो दिवसीय व्यापार मिशनझ् बताया। पीएम ऑफिस की ओर से साझा जानकारी के अनुसार इस यात्रा पर भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर ज्यादा फोकस रहेगा। बता दें, इससे पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन की यात्रा की थी। जुलाई 2025 में पीएम मोदी ब्रिटेन पहुंचे थे, जिसके कुछ ही महीनों के बाद अब ब्रिटेन के पीएम का भारत दौरा हुआ है। पीएम मोदी के ब्रिटेन दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच लंबे समय से चर्चा में रहे व्यापार समझौते पर मुहर लगी थी। अमेरिका की ओर से लगाए जा रहे टैरिफ के बीच पीएम स्टार्मर की यात्रा को बेहद अहम बताया जा रहा है। वहीं भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, दोनों नेता विजन 2035 रोडमैप के अनुरूप 'भारत–यूके व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विविध पहलुओं में प्रगतिझ् की समीक्षा करेंगे। बता दें, यह दस वर्षीय योजना व्यापार और निवेश, नवाचार, रक्षा, जलवायु, स्वास्थ्य, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों जैसे प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित होगी। वहीं पीएम स्टार्मर के साथ उनका एक प्रतिनिधिमंडल भी पहुंचा है, जिसमें प्रमुख ब्रिटिश उद्योगों के सीईओ और वरिष्ठ अधिकारी, साथ ही प्रमुख विश्वविद्यालयों और संस्थानों के प्रतिनिधि हैं।

### उत्तराखंड में बारिश का कहर: ठंड बढ़ी, जीवन अस्त–व्यस्त

देहरादून। कुछ दिन कड़ाके की धुप के बाद राज्य में फिर से बारिश ने दस्तक दी तो इससे मौसम ठंडा हो गया है। बारिश ने न केवल ठंड बढ़ाई साथ ही लोगों का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। उत्तराखंड राज्य के हर जिले में बरसात का असर अलक–अलग तरीके से दिखाई दे रहा है। जहां केदारनाथ धाम पहुंच रहे श्रद्धालुओं पर इसका खास प्रभाव नहीं पड़ा है। लोग ठंड बढ़ने के बाद भी अधिक संख्या में केदारनाथ धाम पहुंच रहें हैं। वहीं बीरोंखाल में जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम में लगातार हो रही बर्फबारी ने ठंड बढ़ा दी है। केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने में दो महीने से भी कम का समय शेष बचा है। ठंड बढ़ने के बाद भी श्रद्धालुओं में कमी नहीं हुई है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में बाबा केदार के दर्शन करने पहुंच रहे है। वहीं पौड़ी के बीरोंखाल में बरसात ने यहां का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। इससे लोगों को रोजमर्रा के काम करने में दिक्कत हो रही है। इसके साथ ही ऋषिकेष में हुई बरसात ने धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। लगातार बारिश और तेज हवाओं के चलने से छिद्दरवाला में धान की फसल गिर गई है।

# भारतीय वायुसेना हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार



नई दिल्ली, भारतीय वायुसेना बुधवार को अपना 93वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इस अवसर पर वायु वायुसेना के जाबांज फाइटर पायलट्स एवं अन्य एयरफोर्स अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें एयरफोर्स के वे वीर भी शामिल हैं जिन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूरझ् के दौरान पाकिस्तान पर जीत हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

गाजियाबाद स्थित हिंडन एयर बेस पर होने वाले एयरफोर्स डे कार्यक्रम में दुश्मन पर बिजली बनकर टूट पड़ने वाले 97 एयर फाइटर्स को सम्मानित किया जाएगा। इससे पहले बुधवार सुबह तीनों सेनाओं के प्रमुख एवं चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। 93वें वायुसेना दिवस की पूर्व संध्या पर वायुसेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के अनिश्चित वैश्विक माहौल में वायु शक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा का निर्णायक साधन बन चुकी है। भारतीय वायुसेना हर चुनौती का सामना करने के लिए तीव्रता, सटीकता और दृढ़ संकल्प के साथ सदैव तैयार है। उन्होंने कहा कि मैं अपने सभी वायुसैनिकों को नमन करता हूं। देश की सीमाओं की रक्षा, नागरिक आबादी की सुरक्षा और सैन्य ठिकानों की सुरक्षा हमारे सर्वोच्च दायित्व हैं। हमारी प्रतिबद्धता अडिग है। राष्ट्र की सेवा में असफल न होना हमारा संकल्प है। भारतीय वायुसेना के हर अभियान में अनुशासन, तकनीकी दक्षता और सर्वोच्च पेशेवरता का परिचय मिलता है। उन्होंने कहा, "हमारे संचालन सटीकता और अनुशासन का प्रतीक हैं। हमारे वायुसैनिक देश के आकाश के सच्चे प्रहरी हैं।" एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अभियान भारतीय सशस्त्र बलों के बीच समन्वय, उच्च स्तरीय नेतृत्व और देश में विकसित स्वदेशी क्षमताओं का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर इस बात का प्रमाण है कि जब हमारे सशस्त्र बल एकजुट होते हैं, तो कोई भी चुनौती असंभव नहीं रहती। भारतीय वायुसेना ने हमेशा अपने युद्धक दायित्वों से परे जाकर देशवासियों की सेवा की है। उन्होंने कहा कि चाहे बाढ़ राहत कार्य हों, प्राकृतिक आपदाएं हों, या विदेशी धरती से भारतीय नागरिकों की वापसी, वायुसेना सदैव सबसे पहले पहुंची है। 'ऑपरेशन सिंधुझ् और 'ऑपरेशन ब्रह्माझ् के दौरान हमारे वायुसैनिकों ने जो कार्य किया, वह मानवीय सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण है। वायुसेना के पूर्व सैनिकों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे वायुसेना के दिग्गजों ने जो विरासत, दृष्टि और नेतृत्व हमें दिया है, वह हमारी प्रेरणा का आधार है।

# सीएम धामी ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर उत्तराखण्ड में रेल अवसंरचना के विकास पर चर्चा की



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर उत्तराखण्ड में रेल अवसंरचना के विकास पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने देहरादून एवं हरिद्वार रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किए जाने के लिए दोनों रेलवे स्टेशनों के विस्तार/सुदृढ़ीकरण के साथ ही हरिद्वार–देहरादून रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य केन्द्र सरकार द्वारा पूर्ण व्ययभार वहन करते हुए पूर्ण कराने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने हरिद्वार व देहरादून रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किये जाने पर सहमति देते हुए कहा कि हरिद्वार–देहरादून रेल लाइन दोहरीकरण के कार्य का पूर्ण व्ययभार केन्द्र सरकार द्वारा किये जाने के संबंध में परीक्षण कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने टनकपुर–बागेश्वर रेल परियोजना में संरेखण में अल्मोड़ा और सोमेश्वर क्षेत्रों को भी जोड़ने की संभावनाओं पर विचार करने और टनल के साथ–साथ सड़क का प्रावधान करने का अनुरोध केन्द्रीय रेल मंत्री से किया। रेल मंत्री ने कहा कि इस पर विचार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश के पुराने रेलवे स्टेशन को पूर्णतः बंद करते हुए इस भूमि के सभी अधिकार राज्य सरकार को हस्तांतरित किए जाने के लिए भी केन्द्रीय रेल मंत्री से अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराने रेलवे स्टेशन के बंद होने के कारण यदि योग नगरी रेलवे स्टेशन पर सुव्यवस्थित संचालन के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी तो राज्य सरकार इस पर सकारात्मक विचार एवं सहयोग करेगी। रेल मंत्री ने इस पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दी।

केन्द्रीय रेल मंत्री ने मुख्यमंत्री के अनुरोध पर देहरादून–टनकपुर वीकली ट्रैन को सप्ताह में तीन बार किये जाने पर भी सहमति दी।

### मुख्यमंत्री ने प्रदान की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 14.62 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून। मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र नैनीताल के विकासखण्ड बेतालघाट में दूनीखाल से रातीघाट (पाडली) तक मोटर मार्ग के निर्माण किये जाने हेतु 9.81 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ में विभिन्न आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी सूचनाओं के आदान–प्रदान हेतु एसडीआरएफ वाहिनी कन्ट्रोल रूम को कमाण्ड एंड कंट्रोल सेंटर के रूप में स्थापित किये जाने तथा आधुनिक तकनीकों के साथ उच्चीकृत किये जाने हेतु 25 लाख राज्य आपदा मोचन निधि के क्षमता विकास से स्वीकृत किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत तहसील थल के कार्यालय भवन निर्माण हेतु 4.56 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने किया राज्य आन्दोलनकारी आश्रित पेंशन अनुमन्य किये जाने का अनुमोदन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आन्दोलनकारी स्व० धर्मानन्द बमराडा की आश्रित पत्नी सीता देवी, निवासी ओम विहार, अजबपुर कला देहरादून को उनके पति की मृत्यु की तिथि दिनांक 10.07.2023 के उपरान्त अनुमन्य की गयी 4500.00 प्रतिमाह पेंशन को समायोजित करते हुए उन्हें 6000.00 प्रतिमाह राज्य आन्दोलनकारी आश्रित पेंशन प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

# केदारनाथ धाम में तीसरे दिन भी बर्फबारी, मौसम हुआ ठंडा



रुद्रप्रयाग। बीते तीन दिनों से केदारनाथ धाम में बर्फबारी का सिलसिला जारी है। बुधवार को भी केदारनाथ धाम सहित आसपास की ऊंची चोटियों में अच्छी बर्फबारी हुई। हालांकि मंदिर परिसर में अभी बर्फ जमा नहीं हो पा रही है, किंतु बर्फबारी से यहां ठंड अधिक होने लगी है। जिससे यात्री एवं स्थानीय लोगों की दिक्कतें भी बढ़ गई है। केदारनाथ धाम में बुधवार को भी बर्फबारी हुई। केदारनाथ धाम सहित सभी पहाड़ियों में जोरदार बर्फबारी हुई। मंदिर परिसर में यात्रियों ने बर्फबारी का आनंद लिया। हालांकि उन्हें सांय होते ही कड़ाके की ठंड का सामना भी करना पड़ा। मंदिर से काफी नीचे तक पहाड़ियों में बर्फ की सफेद चादर दिखने लगी है। केदारनाथ की भैरव पहाड़ी से लेकर मेरु–सुमेरु पर्वत और मंदाकिनी नदी से लगी पहाड़ियों के ऊपर 5 इंच बर्फ जमा हो गई है। केदारनाथ में पानी अत्यधिम ठंडा होने लगा है जबकि सुबह पानी जमने की स्थिति में आने लगा है। केदारनाथ के साथ ही तुंगनाथ और मद्महेश्वर की ऊंची पहाड़ियों में बर्फबारी हुई है। इधर, प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध करते हुए कहा कि केदारनाथ में लगातार बर्फबारी हो रही है इसलिए जो भी यात्री केदारनाथ धाम आएं वे गरम कपड़े, जरूरी दवा एवं छाता, बरसाती और बेहतर जूते पहनकर आएं ताकि बर्फबारी के बीच उन्हें दिक्कतों का सामना न करना पड़े। वहीं दूसरी ओर मुख्यालय सहित सभी निचले स्थानों पर बारिश होने से यहां ठिठुरन होने लगी है। लोगों ने ठंड से बचने के लिए गरम कपड़े निकाल लिए हैं।

# करवाचौथ को लेकर बाजार गुलजार, बाजारों में उमड़ रही महिलाओं की भीड़



देहरादून। नवरात्र समापन के साथ ही करवाचौथ की आहट ने बाजारों की रौनक बढ़ा दी है। त्योहारी सीजन के चलते बाजारों में चहल–पहल लौट आई है और दुकानों पर खरीददारों की भीड़ उमड़ने लगी है। महिलाओं से जुड़ी दुकानों पर सबसे अधिक रौनक देखने को मिल रही है। करवाचौथ को लेकर बाजारों में सोलह श्रृंगार का सामान, सजावटी थालियां, करवे, चूड़ियां, बिंदी, मेहंदी और कपड़ों की मांग में तेजी आई है। साड़ियों की दुकानों पर महिलाओं की अच्छी–खासी भीड़ नजर आ रही है। सजावटी थालियों और करवा चौथ से जुड़े सामान की बिक्री लगातार बढ़ रही है। दुकानदारों के अनुसार, इस बार पिछले वर्ष की तुलना में बिक्री में काफी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। करवा चौथ का पर्व 10 अक्तूबर को मनाया जाएगा। इसे देखते हुए बाजारों में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। महिलाएं चूड़ियां, कॉस्मेटिक, साड़ी और श्रृंगार का सामान खरीदने के लिए बाजार पहुंच रही हैं। वहीं, मेहंदी की दुकानों पर भी एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। मेहंदी लगाने वाले कलाकारों के पास करवाचौथ से एक दिन पहले और पर्व के दिन दोपहर तक का समय पूरी तरह बुक है। एक हाथ पर मेहंदी लगाने का मूल्य लगभग 150 रुपये और दोनों हाथों पर 250 रुपये तक लिया जा रहा है। बाजार में स्टील के करवे 250 से 1000 रुपये तक और मिट्टी के करवे 40 से 100 रुपये तक उपलब्ध हैं। चुनरी की कीमत 10 से 20 रुपये जबकि पूजा के आसन 1000 से 2000 रुपये तक बिक रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि करवाचौथ से ठीक पहले तक यह रौनक और भी बढ़ेगी।

### 350 करोड़ के रत्न घोटाले में कोलकाता व सॉल्टलेक में फिर ईडी के छापे

कोलकाता, बिगत कई सालों से महानगर कोलकाता के तमाम जगहों पर कई मामलों में ईडी की कार्रवाई समय समय पर होती रही है। अब ईडी ने आज महानगर कोलकाता के जगहों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई एक बड़े वित्तीय घोटाले के मामले में की गई। सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसी ने सॉल्टलेक के सीएफ ब्लॉक स्थित एक आवासीय फ्लैट में छापा मारा, जहां एक चार्टर्ड अकाउंटेंट रहते हैं। केंद्रीय बलों की मौजूदगी में सुबह से ही वहां तलाशी अभियान जारी रहा। ईडी अधिकारियों ने उस व्यक्ति के कार्यालय में भी छापेमारी की, जो कि कोलकाता के किरण शंकर राय रोड पर स्थित है। इस दौरान जांच अधिकारी कई दस्तावेजों की बारीकी से जांच करते रहे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, यह मामला ग्रह–रत्न (ज्योतिषीय पत्थरों) की बिक्री के नाम पर हुए एक बड़े वित्तीय घोटाले से जुड़ा है। बताया गया है कि हैदराबाद और अहमदाबाद में भी एक साथ छापेमारी की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कम कीमत वाले रत्नों को महंगे दामों में बेचकर भारी रकम वसूली गई थी। बाद में यह मामला करीब 350 करोड़ रुपये के वित्तीय घोटाले तक पहुंच गया।

# पीएम मोदी ने रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी का आभार जताते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि आपके खूबसूरत शब्दों के लिए धन्यवाद। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि सामाजिक न्याय के प्रतीक और जनसेवा के प्रति समर्पित बिहार के लोकप्रिय नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान को उनकी पुण्यतिथि पर मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि। उन्होंने हमेशा समाज के वंचित और शोषित समुदायों के कल्याण के लिए कार्य किया। राजनीति के साथ–साथ राष्ट्र निर्माण के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। पीएम के पोस्ट पर आभार जताते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने एक्स पोस्ट में लिखा कि अपने खूबसूरत शब्दों में पापा को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु पीएम मोदी आपका हार्दिक आभार।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि आज मेरे नेता रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पार्टी के हर कार्यकर्ता के लिए संकल्प दिवस के रूप में है। बिहार और बिहारियों को फर्स्ट बनाने की सोच के साथ लोजपा (रामविलास) का हर कार्यकर्ता चुनावी रण में उतरेगा। लक्ष्य बिहार को एक विकसित राज्य बनाना है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एक्स पोस्ट में लिखा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री, पद्म भूषण रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

# रामनगरी अयोध्या में गूंजी दक्षिण की भक्ति स्वर लहरियां

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया दक्षिण के तीन संतों की मूर्तियों का अनावरण



अयोध्या, उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का अद्भुत संगम बुधवार को अयोध्या की पावन भूमि पर देखने को मिला। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का बृहस्पति कुंड में भव्य अनावरण किया। टेढ़ी बाजार स्थित बृहस्पति कुंड का वातावरण उस समय भक्तिरस और संगीत की पवित्र भावना से सरोबार हो उठा जब केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार पूजा–अर्चना कर अनावरण समारोह की शुरुआत की। इस दौरान सीतारमण के माता–पिता भी मौजूद रहे, जिससे यह पल और भी भावनात्मक हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय वित्त मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक अयोध्या शैली में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बृहस्पति कुंड केवल एक ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है, जहां उत्तर भारत की श्रद्धा और दक्षिण भारत की भक्ति का संगम होता है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अयोध्या केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने तीनों संतों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि ने भारतीय शास्त्रीय संगीत और भक्ति परंपरा को विश्व पटल पर स्थापित किया। उनके काव्य और रचनाओं ने समाज को प्रेम, भक्ति और एकता के सूत्र में पिरोया। सीतारमण ने बृहस्पति कुंड की भव्यता और शांति देखकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अयोध्या और कर्नाटक के सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने हैं। आज इन संतों की मूर्तियों के अनावरण के माध्यम से भारत की उत्तर–दक्षिण परंपरा एक सूत्र में बंधी है।

### कैंटर ने श्रमिक को कुचला, मौत

रुद्रपुर। सिडकुल की एक फैक्ट्री के बाहर बुधवार सुबह तेज रफ्तार और गलत दिशा से आ रहे कैंटर ने एक श्रमिक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कैंटर चालक को भी हिरासत में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, 36 वर्षीय नंदन पाठक पुत्र शिवदत्त पाठक मूल रूप से पिथौरागढ़ का निवासी था और वर्तमान में छतरपुर में किराए पर रहकर सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम कर रहा था। वह रोजाना की तरह सुबह ड्यूटी के लिए निकला था। जैसे ही वह फैक्ट्री गेट के पास पहुंचा, तभी गलत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और कैंटर चालक को पकड़ लिया।

## बंद होगा रियलिटी शो 'बीग बॉस

# स्टूडियो को तुरंत सील करने का आदेश जारी



बेंगलुरु, कर्नाटक के चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस कन्नड के फैंस के लिए बुरी खबर सामने आ रही है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शो के स्टूडियो को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया है। फिलहाल स्टूडियो में बिग बॉस कन्नड़ 12 की शूटिंग चल रही थी, लेकिन शटडाउन के आदेश के बाद स्टूडियो को तत्कालीन रूप से बंद करना पड़ेगा। ऐसे में शूटिंग भी प्रभावित होगी। दरअसल, कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (केएसपीसीबी) ने बिदादी औद्योगिक क्षेत्र, रामनगर जिले में स्थित एम/एस वेल्स स्टूडियोज एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, जिसे जॉली वुड स्टूडियोज एंड एडवेंचर्स के नाम से जाना जाता है, को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई जल (प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 33(ए) के तहत की गई है।

## सम्पादकीय

# चारधाम यात्रा: आंकड़ों से उत्साह

लगभग 3 महीने बाद उत्तराखंड की चार धाम यात्रा को लेकर अच्छी खबर आई है। मानसून की बारिश के बाद एक बार पुन: चार धाम के कपाट बंद होने से पूर्व यात्रियों का रुझान देखने को मिला है। केदार धाम के कपाट आगामी 23 अक्टूबर को भैयादूज के अवसर पर बंद होंगे। अभी यात्रा 15 दिन और चलेगी। हालांकि अगले कुछ दिनों में चारों धामों के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू होगी लेकिन अब तक जो आंकड़ा सरकार की ओर से पेश किया गया है वह उत्साहित करने वाला है। केदारनाथ यात्रा ने नया रिकॉर्ड बनाया है। श्रद्धालुओं की संख्या 16 लाख 52 हजार के पार पहुंच गई, जबकि अभी धाम कपाट बंद होने में 14 दिन का समय बचा है। वर्ष 2024 में पूरे यात्राकाल में 16 लाख 52 हजार 76 यात्री केदार दर्शन के लिए पहुंचे थे। पहाड़ों में हो रही लगातार बारिश के बावजूद केदारनाथ धाम में 5614 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस प्रकार यहां यात्रियों की संख्या ने नया रिकॉर्ड बनाया है। बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भी अब यात्रियों की संख्या बढ़ी है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए कपाट बंद होने से पूर्व तक भी राज्य सरकार कोई कमी छोड़ना नहीं चाहती है और यही कारण है कि सुरक्षित यात्रा के लिए पुख्ता इंतजाम जारी रखे गए हैं। इस वर्ष 30 अप्रैल को गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का आगाज हो गया था। इसके बाद दो मई को केदारनाथ और चार मई को बदरीनाथ धाम के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए थे। मानसून सीजन में अतिवृष्टि, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं के चलते चारधाम यात्रा बुरी तरह प्रभावित हुई है। प्रकृति की विनाशलीला में गंगोत्री धाम का महत्वपूर्ण पड़ाव धराली बुरी तरह तबाह हो गया। मार्ग बुरी तरह तहस–नहस हो जाने से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा को रोकना पड़ा था। निश्चित तौर पर इन परिस्थितियों में यात्रा को दोबारा पटरी पर लाना कोई आसान काम नहीं है लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से कपाट बंद होने तक सरदारों के लिए व्यवस्थाएं की गई है। भारी बरसात के दौरान सरकार की ओर से न केवल यात्रियों के खान और रहने की व्यवस्था की गई बल्कि जरूरत पड़ने पर उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से यात्रा करने से भी रोका गया। भले ही इससे कुछ श्रद्धालु में नाराजगी नजर आई लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से इसे एक जरूरी कदम माना गया था।चार धाम यात्रा की दृष्टि से राज्य सरकार की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। फिलहाल अगले पखवाड़े तक चार धाम यात्रा पर विराम लग जाएगा और लेकिन इस बीच जहां एक तरफ यात्रियों का रुझान चारों धामों की ओर देखने को मिलेगा तो वहीं तरफ मौसम का बिगड़ा मिजाज और यात्रियों की सुरक्षा दोनों ही चुनौतियों से राज्य सरकार निपटने के लिए तैयार है।

# भारत की पहचान भगदड़ भी है!

**भारत, दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला वह देश है जहां धार्मिक उत्सव, राजनीतिक रैलियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम राष्ट्रीय शर्म का कारण बनते है। हाल के वर्षों की कई घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि प्रशासनिक लापरवाही, अपर्याप्त योजना और बुनियादी ढांचे की कमी में कैसे निदोष लोगों की जान जाती है। सितंबर 2025 में तमिलनाडु के करूर में अभिनेता–नेता विजय की राजनीतिक रैली में 41 लोगों की मौत हो गई, जब देरी से पहुंचे काफिले को देखने के लिए लोग सड़क पर उमड़ पड़े। भगदड़ के हादसों की सूची बहुत लंबी है लेकिन यहाँ सवाल उठता है कि एक के बाद एक हादसों से हमने क्या सीखा? क्या ऐसे हादसे कभी कम होंगे? 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई, ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। यह घटना कार्यक्रम समाप्ति के समय भीड़ के बहाव के कारण हुई, जब लोग बाबा के चरण छूने या उनकी चरण रज लेने के लिए उमड़ पड़े। इसी तरह, 2025 में प्रयागराज के महाकुंभ मेला में 'मौनी अमावस्याइ के दिन पवित्र नदी में स्नान के दौरान हुई भगदड़ ने 30 लोगों की जान ले ली और 60 से अधिक घायल हो गए। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि भारत अपनी जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में बार–बार असफल हो रहा है।**

**विनीत नारायण**

तमिलनाडु के करूर में अभिनेता–नेता विजय की राजनीतिक रैली में 41 लोगों की मौत हुई। ऐसे हादसों की सूची लंबी है लेकिन यहाँ सवाल उठता है कि एक के बाद एक हादसों से हमने क्या सीखा? क्या ऐसे हादसे कभी कम होंगे? 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई, ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। यह घटना कार्यक्रम समाप्ति के समय भीड़ के बहाव के कारण हुई, जब लोग बाबा के चरण छूने या उनकी चरण रज लेने के लिए उमड़ पड़े।

भारत, दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला वह देश है जहां धार्मिक उत्सव, राजनीतिक रैलियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम राष्ट्रीय शर्म का कारण बनते है। हाल के वर्षों की कई घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि प्रशासनिक लापरवाही, अपर्याप्त योजना और बुनियादी ढांचे की कमी में कैसे निदोष लोगों की जान जाती है। सितंबर 2025 में तमिलनाडु के करूर में अभिनेता–नेता विजय की राजनीतिक रैली में 41 लोगों की मौत हो गई, जब देरी से पहुंचे काफिले को देखने के लिए लोग सड़क पर उमड़ पड़े। भगदड़ के हादसों की सूची बहुत लंबी है लेकिन यहाँ सवाल उठता है कि एक के बाद एक हादसों से हमने क्या सीखा? क्या ऐसे हादसे कभी कम होंगे?

2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई, ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। यह घटना कार्यक्रम समाप्ति के समय भीड़ के बहाव के कारण हुई, जब लोग बाबा के चरण छूने या उनकी चरण रज लेने के लिए उमड़ पड़े। इसी तरह, 2025 में प्रयागराज के महाकुंभ मेला में 'मौनी अमावस्याइ के दिन पवित्र नदी में स्नान के दौरान हुई भगदड़ ने 30 लोगों की जान ले ली और 60 से अधिक घायल हो गए। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि भारत अपनी जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में बार–बार असफल हो रहा है। इन घटनाओं पर शासन और प्रशासन इतना गंभीर क्यों नहीं दिखाई देता?

हाल के वर्षों में भारत में भगदड़ की घटनाएं एक चक्रव्यूह की तरह घूम रही हैं। 2024 के दिसंबर में हैदराबाद के संध्या थिएटर में 'पुष्पा 2इ फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान हुई भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई। 2025 की शुरुआत में आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शन के टोकन वितरण के समय छह भक्तों की मौत हो गई, जब हजारों लोग टोकन के लिए उमड़ पड़े। फरवरी 2025 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज पर हुई भगदड़ ने कई जानें लीं। बेंगलुरु में क्रिकेट टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल विजय परेड के दौरान 11 लोगों की मौत हुई, जहां प्रशासन ने भीड़ का अनुमान लगाने में चूक की। बिहार के बाबा सिद्धनाथ मंदिर में अगस्त 2024 की भगदड़ में सात मौतें हुईं। ये घटनाएं धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक आयोजनों में ही नहीं, बल्कि रेलवे स्टेशनों और सिनेमा घरों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी हो रही हैं। 1954 से 2012 तक भारत में 79त्न भगदड़ें धार्मिक आयोजनों के दौरान हुईं, जो आज भी जारी है।

इन विफलताओं के पीछे कई गहरे कारण हैं। सबसे प्रमुख है आमंत्रित भीड़ का होना और अपर्याप्त प्रबंधन। आयोजक अक्सर अनुमानित संख्या से अधिक लोगों को आने की अनुमति माँग करते हैं, जबकि निकास मार्ग संकरे और अपर्याप्त होते हैं। अनुमति देने वाले विभाग भी, किन्हीं कारणों के चलते,



सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ामों पर ज़ोर नहीं देते। हाथरस में अस्थायी टेंट में पर्याप्त निकास न होने से भगदड़ बढ़ी। अफवाहें, जैसे आग लगने या ढांचा गिरने की, घबराहट और भगदड़ पैदा करती हैं। बुनियादी ढांचे की कमी, पुरानी इमारतों, संकरी सड़कों और पहाड़ी इलाकों में तो समझी जा सकती है। वहीं सुरक्षा कर्मियों की कमी और अप्रशिक्षित होना एक और समस्या है। महाकुंभ में वीआईपी व्यवस्थाओं पर फोकस से आम भक्तों की उपेक्षा हो जाती है। राजनीतिक और धार्मिक आयोजनों में भावनाओं का उफान भीड़ को अनियंत्रित बनाता है। इसके अलावा, आपदा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के दिशानिर्देशों का पालन न होना एक बड़ी लापरवाही है। ये सभी कारक मिलकर भारत को बार–बार विफल कर रहे हैं, जहां जनता की जानें सस्ती साबित हो रही हैं।

ये भगदड़ें केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, इनका मानवीय और सामाजिक प्रभाव बहुत गहरा है। परिवार टूट जाते हैं, बच्चे अनाथ हो जाते हैं और परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। हाथरस में ज्यादातर महिलाओं की मौत ने लिंग असमानता को भी उजागर किया। मनोवैज्ञानिक आघात पीड़ितों और गवाहों को वर्षों तक सताता ट्रीय छवि खराब होती है। भारत जैसे विकासशील देश में ये घटनाएं प्रगति की राह में बाधा हैं।

सवाल उठता है कि इनसे कैसे बचा जाए? प्रबंधन के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। सबसे पहले, पूर्व नियोजन जरूरी है। आयोजकों को अनुमति देते समय क्षमता का सख्त आकलन हो और अधिकतम संख्या तय की जाए। बुनियादी ढांचे में सुधार लाएं, चौड़े निकास, आपातकालीन मार्ग और मजबूत संरचनाएं। एनडीएमए के अनुसार, सीसीटीवी, ड्रोन और एआई का उपयोग भीड़ निगरानी के लिए किया जाए, जैसा कुंभ में प्रयास हुआ। सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ाएं और उन्हें विशेष प्रशिक्षण दें। अफवाहों पर नियंत्रण के लिए 'रियल टाइमइ संचार प्रणाली लगाएं। अंतर–एजेंसी समन्वय मजबूत करें–पुलिस, आयोजक और नागरिक प्रशासन एक साथ काम करें। कानूनी सख्ती लाएं, लापरवाह आयोजकों पर कड़ी सजा और मुआवजा सुनिश्चित करें। जन जागरूकता अभियान चलाएं, जहां लोग भीड़ में धैर्य रखें और सहयोग करें। शासन और प्रशासन की ज़िम्मेदारी है कि ट्रीय उदाहरण लें, जैसे दुनिया भर के कई देशों में स्कूलों में भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है।

भारत को एक बाद एक हुई इन विफलताओं से सबक लेना होगा। सरकार, आयोजक और नागरिकों की संयुक्त जिम्मेदारी से ही भविष्य की त्रासदियां रोकी जा सकती हैं। अन्यथा, ये घटनाएं जारी रहेंगी और देश अपनी जनता को बचाने में असमर्थ साबित होगा। समय आ गया है कि प्रोएक्टिव अप्रोच अपनाया जाए, जैसा कि कहा जाता है कि, 'प्रिवेंशन इज बेटर दैन क्योरइ। केवल तभी हम एक सुरक्षित भारत का निर्माण कर पाएंगे।

# रिलीजन और रिलेजनशिप में अंतर का भाव

भारत में अभी भी गांव गांव में रामलीला का आयोजन किया जाता है और लोग देखने भी जाते हैं।यह सिलसिला आदि कल 400 वर्षों से हो रहा है।अब लोगों को इसमें नया पन नहीं लगता है। लेकिन लोग नित कुछ नया चाहते हैं।

प्रायः लोग रामलीला देखने जाते हैं और ओंगना या सो जाते हैं। क्योंकि उसमें नया पन नहीं है। यद्यपि वह रामलीला धार्मिक है लेकिन लोगों की धार्मिकता नहीं है। धार्मिक होना ऊपरी आवरण जबकि धार्मिकता मन के अंदर की अनुभूति होती है।यही अंतर है दोनों में जैसे लिपिस्टिक लगाने से औरत का स्वास्थ्य नहीं बदलता बल्कि उसका ऊपरी आवरण दिखाई देता है। लेकिन मन का सोच अलग है वह आवरण नहीं है।

गांव में रामलीला चल रही थी सब देखने जाते थे जिसमें बच्चे, स्कूल टीचर, प्राचार्य,सभी शामिल थे।इसी दौरान विद्यालय में दिन में स्कूल निरीक्षक का दौरा हुआ । विद्यालय के टीचर ने सोचा कि जब सब रामलीला देखने जाते हैं तो अच्छा है कि निरीक्षक रामलीला से संबंधित प्रश्न ही पूछ लें क्योंकि उसे आशा थी कि सभी उत्तर दे देंगे तो स्कूल निरीक्षक ने भी कहा कि ठीक है।उसने कक्षा में पूछा कि शिव जी का धनुष किसने तोड़ा था।तो एक छात्र ने अपना हाथ ऊपर उठा लिया जो सबसे गधा था ।उस छात्र ने कहा कि में पहले ही बता देना चाहता हूं कि मैने शिवजी का धनुष नहीं तोड़ा।इस पर निरीक्षक से शिक्षक ने कहा कि साहब यह गलत कह रहा है कि इसने शिवजी का धनुष नहीं तोड़ा है बल्कि वह बहुत उदंत है।सब इसी ने तोड़ा है,यहां तक कि मेरी कुर्सी भी । निरीक्षक हतप्रभ,उसने कमरे में जाकर प्राचार्य से पूछा कि शिवजी का धनुष किसने तोड़ा तो प्राचार्य ने कहा कि बहुत से बच्चे स्कूल में पढ़ते किसी ने तोड़ दिया होगा, बच्चे है उद्गम मचाते रहते हैं।आप परेशान न हों । निरीक्षक हतप्रभ कि यह कैसी रामलीला है जो कुएं में भंग पड़ी है।वह दौड़ कर मुनुस्पल दफ्तर गया जो स्कूल चलाता था और उसने रामकथा सुनाई तो अध्यक्ष बोले शिवजी का धनुष किसी ने तोड़ दिया है तो हम उसे जुड़वा देंगे और आप कहीको चिंता कर रहे हो। कितना बड़ा धनुष था । और शिवजी बावजी से हमे क्या लेना देना ।कौन है शिवजी ।

यह हाल है रामलीला के । रामलीला देखने जाने वाले ऊब गए हैं कि क्या देखना रामलीला को सब वही तो है नया पन कुछ नहीं है।यह ऊपरी आवरण है इसे रिलीजन कह सकते है जो समाज,परिवार, समूह से मिला हुआ है कि वह हिन्दू है या मुसलमान है।यह आंतरिक नहीं है जो रिलिजनशिप है।

जो अंदर की अनुभूति है और व्यक्ति का चरित्र भी है।

मनुष्य की अंतर आत्मा जब झकझोर देती है तो वह कुछ बातों की अनुभूति करता है तब ही उसे धार्मिकता का अहसास होता है। व्यक्ति श्मशान में अर्थी के साथ जाता है तो कुछ देर के लिए अंतःकरण में प्रवेश करता है लेकिन फिर वही दीन दुनियां की बातों में लग जाता है और ऊपरी आवरण में आ जाता है।

एक गांव की रामलीला में एक पहलवान हनुमान जी का पाठ करता था ऐसा वह हर साल करता था और उसमें कुछ भी नया पन नहीं था।हर साल वह लंका जलाता था।इस बार उसने सोचा कि क्यों न कुछ नया किया जाय तो हनुमानजी ने लंका के बजाय अयोध्या जला दी।

अब पहलवाल जो ठहरा कोई क्या कहता।राम बना तो बालक था । इस बार हनुमान ने अपने अंतःकरण से अयोध्या जला दी।जबकि हर साल वह अपने बाहरी आवरण में ही रहता था।

## स्टेबलकॉइन की चुनौती

वित्त मंत्री के बयान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए कि बदले हालात में तमाम देश अब स्टेबलकॉइन्स को नजरअंदाज नहीं कर सकते। इसलिए कि स्टेबलकॉइन जैसे आविष्कार मुद्रा एवं पूंजी के प्रवाह का रूप बदल रहे हैं। डॉनल्ड ट्रंप के दौर में क्रिप्टो करेंसी– खासकर स्टेबलकॉइन्स को मिली स्वीकृति तमाम देश के लिए एक चुनौती के रूप में आई है। ट्रंप काल से पहले क्रिप्टो बाजार पूरी तरह निजी क्षेत्र में था। अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल खुद ट्रंप क्रिप्टो करेंसी को लेकर अस्वीकार का भाव रखते थे। मगर दूसरे कार्यकाल में ना सिर्फ वे और उनके परिजन इस कारोबार में शामिल हुए हैं, बल्कि अमेरिकी मौद्रिक व्यवस्था में भी इसे जगह देने का प्रावधान उन्होंने किया है। स्टेबलकॉइन्स में, और उसके जरिए निवेश का रास्ता उनके प्रशासन ने तैयार किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के इस बयान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए कि अन्य देशों को पसंद हो या नहीं, लेकिन अब वे स्टेबलकॉइन्स को नजरअंदाज नहीं कर सकते। सीतारमन ने कहा– 'स्टेबलकॉइन जैसे आविष्कार मुद्रा एवं पूंजी के प्रवाह का रूप बदल रहे हैंइ वित्त मंत्री की यह समझ भारतीय रिजर्व बैंक के रुख से बिल्कुल अलग है। रिजर्व बैंक ने अपनी डिजिटल करेंसी तो शुरू की है, लेकिन प्राइवेट क्रिप्टो मुद्राओं पर प्रतिबंध के पक्ष में रहा है। बहरहाल, अब बदले अमेरिकी रुख ने स्थिति बदल दी है। खबर है कि इस आशंका से ग्रस्त होकर कि स्टेबलकॉइन के जरिए अमेरिका वित्तीय पूंजी बड़े पैमाने पर अपनी तरफ खींच सकता है, चीन भी हांगकांग के रास्ते अपना युवान आधारित स्टेबलकॉइन लॉन्च करने की तैयारी में है। स्टेबलकॉइन क्रिप्टो करेंसी ही होते हैं, लेकिन उनका मूल्य किसी देश की मुद्रा के मूल्य से जुड़ा होता है। अब तक यह मुद्रा अमेरिकी डॉलर ही है, लेकिन जल्द ही युवान से जुड़े स्टेबलकॉइन भी बाजार में आ सकते हैं।

# करीना कपूर ने साझा की अवॉर्ड्स नाइट की पुरानी यादें

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने हाल ही में अवॉर्ड्स नाइट की पुरानी यादें साझा कीं। उन्होंने इसकी एक तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में फैंस के साथ शेयर की है। यह तस्वीर 42वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स की है, जिसमें वह बॉलीवुड अभिनेता अक्षय खन्ना के साथ पहली पंक्ति में बैठी दिखाई दे रही हैं। इस फोटो में वह सिंपल लुक में नजर आ रही हैं, जैसे वह किसी घर की पार्टी में गई हैं। इसे शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, जब हम अपनी पोलो नेक और जैकेट पहनते थे और आराम से बैठकर अभिनेताओं को अपनी ब्लैक लेडी (अवॉर्ड) का स्वागत करते देखते थे।





उन्होंने इसके जरिए यह बताया कि तब के दौर में फैशन कितना सरल और सहज हुआ करता था। आज तो एक स्टार के लुक के लिए पूरी टीम होती है, क्या पहनना है और क्या नहीं, इसकी प्लानिंग कई दिनों पहले से ही की जाती है। तब महंगे स्टाइलिश और डिजाइनर आउटफिट्स का जमाना नहीं था।

इसमें उन्होंने अपनी बहन करिश्मा कपूर की फिल्म का गाना आए हो मेरी जिंदगी में भी लगाया है। इस फोटो की खास बात यह है कि इसमें अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन भी उनके पीछे बैठे दिख रहे हैं। उन दोनों ने भी पारंपरिक भारतीय कपड़े पहने हुए हैं।

करीना की इस पोस्ट ने फैंस को उन दिनों की याद दिला दी जब करीना कपूर और अक्षय खन्ना की जोड़ी हलचल फिल्म में दिखाई दी थी। यह फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी।

# वैभव सूर्यवंशी ने फिर मचाया कोहराम, 252.63 का स्ट्राइक रेट से ठोके रन, 19 गेंदों में बरपाया कहर

नई दिल्ली। आईपीएल में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचने वाले वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड में अपनी आक्रमक बल्लेबाजी का एक और नमूना पेश किया है। उन्होंने होव में भारत और इंग्लैंड की अंडर–19 टीमों के बीच खेले जा रहे पहले वनडे मैच में अपनी बैटिंग से गेंदबाजों की रूह कंपा दी है। भारत की सीनियर टीम के साथ–साथ भारत की अंडर–19 भी इस समय इंग्लैंड दौरे पर है काउंटी ग्राउंड पर खेले जा रहे पहले मैच में वैभव ने तूफानी पारी खेली है, लेकिन वह अर्धशतक जमाने से चूक गए। हालांकि, उनकी पारी ने जीत की नींव रख दी।

**252.63 की स्ट्राइक रेट से ठोके रन**

इंग्लैंड की टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी की और 174 रनों पर ऑल आउट हो गई। कप्तान आयुश महात्रे के साथ पारी की शुरुआत करने उतरे वैभव ने अपनी तूफानी बैटिंग को रोककर नहीं रखा और शुरुआत से ही आक्रमक तेवर दिखाए। वैभव ने 19 गेंदों पर 252.63 की स्ट्राइक रेट से तीन चौके और पांच छक्कों की मदद से 48 रन बनाए। वह अर्धशतक पूरा नहीं कर सके, लेकिन टीम की जीत की नींव जरूर रख गए।



उन्होंने आयुष के साथ मिलकर 71 रन जोड़े। वैभव अपने 50 रन पूरे करते दिख रहे थे जिस पर रालफी अलबर्ट ने पानी फेर दिया। उनकी बैटिंग देख इंग्लैंड के युवा गेंदबाज हैरान रह गए।

आईपीएल में दिखाया दम

वैभव आईपीएल–2025 में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेले थे। उन्होंने अपनी शानदार बैटिंग से जो प्रभाव डाला उसने बताया कि भारत के पास प्रतिभा की कमी नहीं है। वैभव ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलते हुए 35 गेंदों पर शतक जमाया जो इस लीग में किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा लगाया गया सबसे तेज शतक है। वह आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं।

# कहो न कहो की धुन पर मल्लिका शेरावत फैंस संग थिरकी



अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने हाल ही में एक कार्यक्रम में शिरकत की, जहां उनके सुपरहिट गाने कहो न कहो ने माहौल को जोशपूर्ण बना दिया। इस मौके पर मल्लिका के फैंस और होस्ट गाने को गाते और झूमते नजर आए। अभिनेत्री ने इस खास पल का वीडियो पोस्ट किया। मल्लिका ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें होस्ट पहले कहो न कहो गाना गाता है, जिसके साथ मल्लिका और उनके फैंस उत्साह के साथ थिरकने लगते हैं। होस्ट ने भीड़ को और जोश दिलाते हुए सभी को इस गाने को पूरे उत्साह के साथ गाने के लिए प्रेरित किया। माहौल इतना जीवंत था कि पूरा स्टेडियम एक साथ नाचता–गाता दिखाई दिया। मल्लिका ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, जब मेरे फैंस मेरे साथ कहो ना कहो गाने पर झूमते हैं, तो बहुत अच्छा लगता है। वो जोश, वो प्यार, वो मस्तीज् पूरा स्टेडियम जैसे साथ नाच रहा हो। आपका प्यार ही है जो मुझे आगे बढ़ने की ताकत देता है, हमेशा। कहो न कहो गाना साल 2004 में रिलीज हुई फिल्म मर्डर का है। इस गाने को आमिर जमाल ने गाया है, जबकि इसके बोल सैय्यद कादरी ने लिखे और संगीत अनु मलिक ने तैयार किया।

## कृति सेनन की हल्दी रस्म में लहूलूहान होकर पहुंचे धनुष

फिल्मी दुनिया में जब भी कोई बड़ा नाम और नया प्रोजेक्ट सामने आता है, तो दर्शकों की उम्मीदें अपने आप बढ़ जाती हैं। खासतौर पर जब ये नाम आनंद एल रॉय का हो, जिन्होंने सिनेमा को रांझणा जैसी यादगार फिल्म दी। आनंद एल रॉय फिर से अपनी नई फिल्म के जरिए पर्दे पर जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। वह तेरे इश्क में नामक फिल्म लेकर आ रहे है। इस फिल्म में उन्होंने दो बड़े सितारों धनुष और कृति सेनन को कास्ट किया है। इस फिल्म को देखने के लिए दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मेकर्स ने बुधवार को फिल्म का टीजर जारी किया। तेरे इश्क में में एक ऐसी प्रेम कहानी है जो आनंद एल रॉय की पिछली फिल्मों से थोड़ी अलग है।

# दूसरे टेस्ट मैच से पहले भारतीय क्रिकेटर के घर गूंजी किलकारी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर और तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के घर किलकारियां गूंज उठी हैं। मुकेश की पत्नी दिव्या ने बेटे ने जन्म दिया है। भारतीय क्रिकेटर ने बेटे और वाइफ के साथ की एक प्यारी तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है।

मुकेश ने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर करते हुए एक खास संदेश भी लिखा। मुकेश ने लिखा कि प्यार में साथ, अब गोद में प्यारे से बेटे को लिए माता–पिता बन गए। मुकेश की इस पोस्ट पर फैंस कमेंट कर उन्हें बधाई दी है।

**साल 2023 में हुई थी शादी**

बता दें कि बिहार के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और दिव्या सिंह की शादी साल 2023 में हुई थी। दोनों ने 28 नवंबर 2023 को साल फेरे लिए थे। मुकेश बिहार के गोपालगंज के रहने वाले हैं और उन्होंने दिव्या सिंह के साथ लव मैरिज की। शादी के डेढ़ साल बाद दोनों माता–पिता बन गए हैं।

**भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं मुकेश**

गौरतलब हो कि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार फिलहाल भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने भारत के लिए 3 टेस्ट, 6 वनडे और 17 टी20क मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होने 7 टेस्ट, 5 वनडे और 20 ळ20क विकेट हासिल किए हैं। हाल ही में उनको आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते देखा गया था, जहां उन्होंने 12 मैचों में 34 की औसत के साथ कुल 12 विकेट चटकाए।

## संक्षिप्त समाचार

### बेहतर सुविधा के लिए लैंसडौन में खोला जाएं जन औषधि केंद्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विधानसभा क्षेत्र मुख्यालय लैंसडौन में जन औषधि केंद्र खोले जाने की मांग की है। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी को भेजे गए ज्ञापन में क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि लैंसडौन विकासखंड जयहरीखाल, रिखणीखाल, द्वारीखाल, यमकेश्वर, एकेश्वर के मध्य स्थित है। दवाइयों की कीमतें गरीब वर्ग के लिए आर्थिक बोझ बढ़ा देती हैं। लैंसडौन क्षेत्र के अलग-अलग ब्लॉक में रहने वाले अधिकांश लोगों की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर है कि ये लोग महंगी दवा खरीदने में सक्षम नहीं हैं। ज्ञापन के माध्यम से लोगों की सुविधा के लिए लैंसडौन नगर में जन औषधि केंद्र खोले जाने की मांग की गई। ज्ञापन पर सुरेंद्र सिंह चौहान, खेमचंद्र बौंठियाल, नरेंद्र सिंह, देवेश्वरी देवी, निर्मला देवी, विनोद सिंह आदि लोगों ने हस्ताक्षर किए।

### स्थानीय उत्पादों को मिला बाजार

श्रीनगर गढ़वाल : अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में आवास विकास मैदान में आयोजित जनपद स्तरीय सहकारिता मेले के द्वितीय दिवस पर बुधवार को उत्साह, सहभागिता और सांस्कृतिक रंगों का समागम देखने को मिला। मेले में सैकड़ों महिला सहायता समूहों, मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसायटियों और कृषक उत्पादक संगठनों के स्टालों में उत्पादों को बाजार मिलता हुआ दिखा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र अंथवाल ने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और ग्रामीण आत्मनिर्भरता की जीवंत मिसाल है। कहा कि राज्य सरकार सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाकर गांव-गांव में रोजगार और उत्पादन की नई संभावनाएं विकसित कर रही है। उन्होंने महिला समूहों और युवाओं से आह्वान किया कि वे सहकारिता आंदोलन से जुड़कर अपने उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाएं। (एजेंसी)

### पुलिस ने की कई गांवों में भांग की अवैध खेती नष्ट

रुद्रप्रयाग। नशा मुक्त देवभूमि मिशन को सार्थक बनाने के लिए पुलिस द्वारा तहसील ऊखीमठ के कई गांवों में अवैध भांग की खेती को नष्ट किया गया जबकि ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया गया। बुधवार को जनपद पुलिस ने नशा मुक्त देवभूमि मिशन अभियान को लेकर अवैध मादक पदार्थों की के विक्रय व तस्करी पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाने के लिए सघन चौकिंग अभियान चलाया गया। जबकि नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा जनपद में अवैध भांग की खेती को नष्ट करते हुए स्थानीय लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पुलिस, जिला प्रशासन व वन विभाग के स्तर से पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विकास पुंडीर के नेतृत्व में ग्राम बक्सीर व रोसियाड़ा तोक के आसपास के क्षेत्र में अवैध भांग की खेती नष्ट किये जाने के लिए अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस प्रशासन व वन विभाग की संयुक्त टीमों के द्वारा करीब 5 एकड़ भूमि में अवैध भांग की खेती का विनष्टीकरण किया गया है। जनपद पुलिस के स्तर से इस वर्ष एनडीपीएस एक्ट में कुल 6 अभियोग पंजीकृत कर अवैध चरस व स्मैक की तस्करी करने वाले 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि पुलिस के स्तर से स्कूलों, कॉलेजों व आम जनमानस के बीच जाकर नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। पुलिस ने आम जनमानस से अपील की है कि नशे की प्रवृत्ति से दूर रहें तथा नशा मुक्ति अभियान में जिला पुलिस प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

# त्योहार व शादी सीजन में ग्राहकों के लिए चुनौती बन रहा अतिक्रमण



कोटद्वार के गोखले मार्ग में अतिक्रमण के कारण सड़क पर फैली अव्यवस्था

### मुख्य मार्गों पर पसरे अतिक्रमण के कारण पैदल चलना भी हुआ मुश्किल

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : त्योहार व शादी सीजन शुरु होते ही बाजार में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। लेकिन, सड़कों पर जगह-जगह पसरा अतिक्रमण शहरवासियों के लिए चुनौती बन रहा है। ऐसे में कब बड़ी दुर्घटना हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। जबकि, पुलिस व प्रशासन कई बार अतिक्रमणकारियों को चेतावनी भी दे चुका है। बावजूद अतिक्रमणकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे। सबसे बुरी स्थिति बाजार के मुख्य क्षेत्रों में बनी हुई है। लोग शादी व त्योहार की खरीददारी करने के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। पिछले कुछ दिन से लगातार ग्राहकों की संख्या में इजाफा भी देखने को मिल रहा है। लेकिन, शहर की सड़कों पर अतिक्रमण ग्राहकों की चुनौती बढ़ा रहा है।

गोखले मार्ग, मालनी मार्केट, स्टेशन रोड, पटेल मार्ग जैसे मुख्य बाजार क्षेत्र में व्यापारियों ने सड़क तक दुकान सजाई हुई है। बचे हुए स्थान पर दोपहिया वाहन या फिर रेहड़ी-ठेली खड़ी है। ऐसे में आमजन को पैदल चलने तक का रास्ता नहीं मिल पा रहा है। कुछ माह पूर्व गोखले मार्ग में पैदल चल रहे एक बच्चे के पैर पर छोटा हाथी वाहन का टायर चढ़ गया था। घायल बालक को अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया गया। ऐसी स्थिति मार्गों पर आए दिन बनी रहती है। अतिक्रमण की जिद कब किसकी जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।

**केवल खानापूर्ति कर रहा सिस्टम**

शहर में अतिक्रमण चुनौती बन रहा है। बावजूद पुलिस व नगर निगम अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रहा है। स्थिति देखकर लगता है कि मानो सिस्टम का उद्देश्य केवल अतिक्रमणकारियों से राजस्व वसूलना ही है। अतिक्रमण के नाम पर चालान काटकर दोबारा सिस्टम मार्ग की स्थिति नहीं देखता। ऐसे में रेहड़ी-ठेली व अन्य अतिक्रमणकारी दोबारा मार्ग पर अतिक्रमण कर लेते हैं।

# घर के ऊपर गिरी आकाशीय बिजली, हुआ नुकसान



भवन के ऊपर गिरी आकाशीय बिजली

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : बीरोंखाल ब्लॉक के ग्राम कांडा मल्ला में एक दो मंजिला मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई। इससे मकान को काफी नुकसान पहुंचा है।

जानकारी के अनुसार, घटना बुधवार सुबह की है। अनिल पोखरियाल के दो मंजिला मकान पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे विद्युत उपकरण फुंक गए। साथ ही वायरिंग में आग लग गई। दरारें पड़ने के साथ मकान का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि परिजन दो मंजिला मकान में भूतल पर थे। स्थानीय राजस्व उपनिरीक्षक को सूचना दी गई। वहीं, गृह स्वामी अनिल पोखरियाल ने करीब दो लाख रुपये का नुकसान होने की बात कही है।

# श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान पांच से, जिम्मेदारियां दी



कोटद्वार में प्रसिद्ध श्री सिद्धबली मंदिर, जहां दिसंबर माह से वार्षिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा।

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : श्री सिद्धबली मंदिर समिति की ओर से आयोजित तीन दिवसीय श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान पांच दिसंबर से प्रारंभ होगा। वार्षिक अनुष्ठान को बेहतर तरीके से संपन्न करवाने के लिए सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान मेला आयोजन समिति में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अमित चावला व महामंत्री की जिम्मेदारी विवेक अग्रवाल को दी गई है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष डा. जेपी ध्यानी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रथम दिवस शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा श्री सिद्धबली मंदिर से प्रारंभ होकर देवी मंदिर में संपन्न होगी। तीनों दिन एकादश कुंडीय यज्ञ किया जायेगा। तृतीय दिवस यज्ञ की पूर्ण आहुति उसके बाद श्री सिद्धबली बाबा के जागर व तत्पश्चात सवामन का रोट प्रसाद के रूप में सभी श्रद्धालुओं को वितरित किया जायेगा। इस वर्ष गढ़वाली भजन संध्या में लोकगायक मंगलेश डंगवाल और हिंदी भजन संध्या में लखविंदर सिंह लक्खा भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर मेला को निर्विघ्न संपन्न करने के लिए समितियों का भी गठन किया गया। मेला समिति में अमित चावला को अध्यक्ष, विवेक अग्रवाल को महामंत्री बनाया गया। मेला संयोजक सुमन कोटनाला, सह संयोजक राजेश रावत, मेला संरक्षक अनिल कंसल, शैलेंद्र बिष्ट व कोषाध्यक्ष उमेश त्रिपाठी को बनाया गया है।

साथ ही शोभा यात्रा समिति की जिम्मेदारी पूरणपुरी व अग्रज जुयाल को दी गई है। वित्त समिति के अध्यक्ष सुरेश बंसल, स्वागत समिति के अध्यक्ष मनोज भंडारी व गिरीश कोठियाल, प्रचार समिति के अध्यक्ष प्रमोद रावत, सुनील बहुगुणा, मंच व्यवस्था समिति के अध्यक्ष रवींद्र सिंह नेगी, सुरक्षा व्यवस्था समिति के अध्यक्ष संदीप चौधरी, विजयानंद पोखरियाल, देवी मंदिर शोभा यात्रा समापन समिति के अध्यक्ष चंद्रमोहन बलूनी व अमित सजवाण, प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष अग्रज जुयाल होंगे। इस मौके पर शिवप्रसाद पोखरियाल, ऋषभ भंडारी, रवींद्र नेगी, सुनील गोयल, रामधन जिंदल, अरविंद धूलिया, राजदीप माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

### स्मार्ट क्लासों का संचालन करने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी परिसर में स्मार्ट कक्षाओं के लिए प्रोजेक्टर बोर्ड लगाने की मांग छात्र संघ ने की है। महासचिव हर्षवर्धन जैन ने बताया कि परिसर में महज दो ही कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड लगे है। ऐसे में अन्य छात्रों को इसका लाभ नही मिल रहा है। जबकि परिसर में 15 से अधिक कक्षाएं संचालित हो रही हैं। स्मार्ट बोर्ड को लेकर महासचिव के साथ ही यूआर अखिल रावत व छात्र प्रतिनिधि दुर्गा खंखरियाल ने परिसर निदेशक को इस संबंध में एक ज्ञापन भी दिया।

# नशा नहीं बेहतर भविष्य चुने विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : डू समथिंग सोसाइटी ने प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में बढ़ती नशे की लत पर रोकथाम लगाने की मांग की है। कहा कि नशे की लत से छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इस संबध में बुधवार को सोसाइटी अध्यक्ष मयंक कोठारी की ओर से प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा निदेशक को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्रा नशे की लत में फंस चुके हैं। ऐसी हालत में उनके द्वारा गाड़ी तेज चलाने और हुड़दंग मचाने की खबरें लगातार प्रकाश में आ रही हैं। इसलिए छात्रों को इस बुरी लत से बचाना आवश्यक है। कहा कि सोसाइटी का मानना है कि ऐसी स्थिति में सोसाइटी के ध्येय वाक्य शिक्षा ही नहीं संस्कार भी चाहिए, नशामुक्त उत्तराखंड राज्य चाहिए, की परिकल्पना को साकार करते हुए छात्रों को नशे की लत से मुक्त कराया जा सकता है। कहा कि इस परिकल्पना के अंतर्गत अपने से बड़ों का सम्मान करना, भारतीय संस्कृति की जानकारी देना और कुसंगति से दूर रहने के प्रति जागरूक करना शामिल है। ज्ञापन में माध्यमिक शिक्षा निदेशक से सोसाइटी के इस ध्येय वाक्य को प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थानों में पहुंचाने की मांग की गई है।

# कार्यशाला में गुलदार से बचाव की दी जानकारी



आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : 'गुलदार कु दगड्या' विषय पर पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को गुलदार के साथ ही अन्य जंगली जानवरों से बचाव की जानकारी दी गई।

बुधवार को विद्यालय में कार्यशाला का आयोजित किया गया। कार्यशाला में प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को वन्य जीव सप्ताह के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष दो से आठ अक्टूबर तक मनाए जाने वाले वन्य जीव सप्ताह का उद्देश्य वन्य जीवों के संरक्षण, मनुष्य और वन्य जीवों के बीच बेहतर व्यवस्थाओं को बनाना है। इस वर्ष के वन्य जीव सप्ताह का मुख्य विषय मानव वन्य जीव सह-अस्तित्व है। विलुप्त होने वाले जीव-जंतुओं की प्रजाति को बचाने के लिए भारतीय वन्यजीव बोर्ड की ओर से 1952 से यह सप्ताह मनाया जा रहा है। विद्यालय के सेवित गांवों धरासू, ढंगसोली, कुलोड़ीधार में इन दिनों गुलदार की चहलकदमी बढ़ने व पशुओं और मनुष्यों पर हमला करने की बढ़ती घटनाओं के दृष्टिगत छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। कहा कि अपने घर व स्कूल मार्ग पर झाड़ियों का कटान करते रहे। कहा कि हम जंगली जानवरों का स्वभाव नहीं बदल सकते हैं, लेकिन अपनी दिनचर्या में कुछ सावधानियां बरत कर मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोक सकते हैं।

### दो दिवसीय पुस्तक वितरण मेला शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के डा. बीजीआर परिसर पौडी में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के तत्वावधान में दो दिवसीय निःशुल्क पुस्तक वितरण मेला शुरू हो गया। मेले में स्नातक, स्नातकोत्तर और बीएड के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए निःशुल्क पुस्तक वितरण का लाभ लिया। बुधवार को पौड़ी परिसर में आयोजित निःशुल्क पुस्तक वितरण मेले का शुभारंभ परिसर निदेशक प्रो. यूसी गैरोला और पूर्व परिसर निदेशक प्रो. प्रभाकर बडोनी ने किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने मेले में पुस्तकों की जानकारी लेते हुए मेले का लाभ उठाया। इस मौके पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. एमसी पुरोहित, सहायक क्षेत्रीय निदेशक पंकज कुमार, अध्ययन केंद्र के समन्वयक डा. गौतम कुमार, प्रो. पीपीबडोनी, प्रो. आर डंगवाल, डा. दीवान सिंह राणा, डा. रश्मि नौटियाल, डा. कृपाल सिंह, डा. इंदु रावत, डा. अमिता डंगवाल आदि मौजूद रहे।


**NOTICE**

That my late husband known by these names i.e Pramod singh rana and Pramoad Singh Rana. That both the names have same authenticity and value.

**Preeti w/o Late sh. Pramod Singh Rana Resident Village Manpur, Tehsil Kotdwara, Pauri Garhwal, Uttarakhand.**
**(1280/21)**


# जनप्रतिनिधि जनता और शासन-प्रशासन के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी : डीएम

### -वन व लोनिवि विभाग के अधिकारियों का किया स्पष्टीकरण तलब

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड पौड़ी के सभागार में बुधवार को पहली क्षेत्र पंचायत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने सभी विभागों को जनप्रतिनिधियों की उठाई गई समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करने के निर्देश दिए। बैठक में से वन व लोनिवि विभाग के अफसरों के नदारद रहने पर डीएम ने उनका स्पष्टीकरण तलब किया। डीएम ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता और शासन-प्रशासन के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

बुधवार को बैठक में ब्लॉक प्रमुख अस्मिता नेगी ने कहा कि योजनाओं के संचालन में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है, जिससे विकास योजनाओं का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने अफसरों को बीडीसी की बैठकों में विभागीय योजनाओं के साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करने के निर्देश दिए। इसके बाद स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनप्रतिधियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. शिवमोहन शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, खंड विकास अधिकारी सौरभ हांडा, मुख्य कृषि अधिकारी डा. वीके यादव आदि शामिल रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल अभियन्ता / चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चैक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 188-DRM-MB-25-26 Date- 23.09.2025 | 191-DRM-MB-25-26 Date- 23.09.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of infrastructural facilities at new goods shed at Sedhara Station. | Upgradation/Modernization of infrastructure at new goods shed at Aghwanpur Station. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 04.11.2025 | 04.11.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 4,87,46,181.80 | 4,98,66,794.62 |
| धरोहर राशि | 3,93,700.00 | 3,99,300.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 10 माह | 10 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 21.10.2025 | 21.10.2025 |

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक: 07.10.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3086/25



# कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक :- 3335/कर अनु0/आ0अना0/भव0ना0/2025-26 दिनांक :- 08.10.2025

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र. सं. | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) एवं आच्छादित क्षेत्रफल | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) एवं आच्छादित क्षेत्रफल | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 20/17/11 वार्ड न0 11 बद्रीनाथ मार्ग पूर्व | श्री आशीष कुकरेती पुत्र स्व0 श्री जगदीश प्रसाद कुकरेती उक्त अनावासीय भू-भवन में से स्थित विक्रित दुकान का कुल सुपर एरिया 191.30 वर्गफीट याने 17.77 वर्गमीटर | श्रीमती बसन्ती देवी पत्नी श्री सत्यनारायण सिंह निवासी पटेल मार्ग वार्ड न0 11 उक्त अनावासीय भू-भवन में से स्थित दुकान का कुल सुपर एरिया 191.30 वर्गफीट याने 17.77 वर्गमीटर | क्रय की गयी दुकान की पटटागत नजूल भूमि के फ्री- होल्ड विलेख व क्रय की दुकान की रजिस्ट्री एवं शपथ पत्र |
| 2 | 108/11 बद्रीनाथ मार्ग पश्चिम वार्ड न0 11 | श्री सन्तोष कुमार कण्डवाल पुत्र श्री मनमोहन कण्डवाल विक्रय किये गये आवासीय भू-भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 2580.00 वर्गफीट याने 239.61 वर्गमीटर | श्रीमती रेखा पत्नी श्री पवन कुमार एवं पवन कुमार पुत्र श्री चन्द्रपाल निवासीगण मिश्रा कॉलोनी नजीबाबाद रोड क्रय किये गये आवासीय भू-भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 2580.00 वर्गफीट याने 239.61 वर्गमीटर | क्रय किये गये आवासीय भवन की रजिस्ट्री एवं शपथ पत्र |
| 3 | 457C/13 पटेल मार्ग वार्ड नं0 13 | श्रीमती पुष्पलता गुप्ता पत्नी श्री रमेशचन्द्र गुप्ता आवासीय/ अनावासीय भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 238.96 वर्गफीट याने 22.20 वर्गमीटर | श्री राजेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द्र गुप्ता उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर उक्त आवासीय/अनावासीय भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 238.96 वर्गफीट याने 22.20 वर्गमीटर | अपनी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, फ्री-होल्ड रजिस्ट्री की छायाप्रति एवं शपथ पत्र |
| 4 | 90 b/13 पटेल मार्ग वार्ड न0 13 | मौ0 नासिर पुत्र बुद्धन विक्रत दुकान का आच्छादित क्षेत्रफल 250.00 वर्गफीट याने 23.23 वर्गमीटर | नफीस अहमद पुत्र स्व0 रसीद अहमद निवासी गैराज रोड कोटद्वार क्रय की गयी दुकान का आच्छादित क्षेत्रफल 250.00 वर्गफीट याने 23.23 वर्गमीटर | क्रय की गयी फ्री-होल्ड रजिस्ट्री की छायाप्रति एवं शपथ पत्र |
| 5 | 160/13 गैराज मार्ग वार्ड नं0 13 | श्री शशिधर भटट पुत्र श्री भवानी दत्त भटट प्रश्नगत अनावासीय भू-भवन का कुल गैराज का 1/2 भाग | श्री सुनील दत्त पुत्र श्री शशिधर भटट द्वारा अतुल ईलैक्ट्रॉनिक मालवीय उद्यान प्रश्नगत अनावासीय भू-भवन का कुल गैराज का 1/2 भाग | वसीयतनामा एवं शपथ पत्र |
| 6 | 42c/13 गोखले मार्ग वार्ड न0 13 क्षेत्रफल 585.00 वर्गफीट | श्रीमती निशि शर्मा पत्नी स्व0 अभिलाष विक्रय किये गये भवन का आच्छादित याने 54.50 वर्गमीटर | श्री राजकुमार प्रजापति पुत्र स्व0 तोताराम निवासी इन्द्रानगर आमपडाव के द्वारा प्रथम तल पर क्रय किये गये भवन आच्छादित क्षेत्रफल 585.00 वर्गफीट याने 54.50 वर्गमीटर | पटटागत नजूल भूमि के फ्री होल्ड विलेख क्रय किये भवन के प्रथम तल के आवास की रजिस्ट्री एवं शपथ पत्र |
| 7 | 32/28/15 स्टेशन रोड वार्ड न0 15 | श्री जयजीत बडथ्वाल पुत्र स्व0 श्री सन्तन बडथ्वाल के द्वारा विक्रय कि गयी दुकान का आच्छादित क्षेत्रफल 161.50 वर्गफीट याने 15.00 वर्गमीटर | श्री सुधीर भाटिया पुत्र दूधाराम भाटिया निवासी लकडीपडाव कोटद्वार के द्वारा क्रय की गयी दुकान का आच्छादित क्षेत्रफल 161.50 वर्गफीट याने 15.00 वर्गमीटर | क्रय किये गये भूतल पर स्थित दुकान की रजिस्ट्री एवं शपथ पत्र |
| 8 | 38/15 गोविन्द नगर वार्ड न0 15 | श्री मुकेश वर्मा पुत्र श्री रामचन्द्र वर्मा | श्री शिवम वर्मा पुत्र श्री मुकेश वर्मा निवासी गोविन्दनगर के दाननामा में प्राप्त किये गये आवासीय भवन का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 88.53 वर्गमीटर | दाननामा रजिस्ट्री एवं शपथ पत्र |
| 9 | 410ए/13 जयानन्द भारतीय मार्ग वार्ड न0 13 | श्री रमन कुमार पुत्र स्व0 प्रेम सिंह विक्रित दुकान का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 352.18 वर्गफीट याने 32.73 वर्गमीटर | श्री रजतचन्द्र पुत्र श्री सुभाषचन्द्र क्रय की गयी दुकान का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 352.18 वर्गफीट याने 32.73 वर्गमीटर | पटटागत नजूल भूमि के फ्री- होल्ड विलेख क्रय की गयी दुकान की रजिस्ट्री एवं शपथ पत्र |

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**
(1279/51)

## संक्षिप्त समाचार

### तिलवाड़ा में दवा की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

रुद्रप्रयाग। हाल ही में राजस्थान और मध्य प्रदेश में खांसी की दवा (कफ सिरप) के सेवन से बच्चों की मौत की घटनाओं को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। दवा की दुकानों का औचक निरीक्षण करते हुए जहां दवा विक्रेताओं को जागरूक किया जा रहा है वहीं इस तरह की घटनाओं की संभावना को न होने के लिए निरीक्षण हो रहा है। स्वास्थ्य सचिव एवं स्वास्थ्य आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए)डॉक्टर आर राजेश कुमार, अपर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ताजवर सिंह जग्गी, सह औषधि नियंत्रक गढ़वाल मंडल सुधीर कुमार के निर्देशन में बुधवार को तिलवाड़ा में औषधि निरीक्षक अमित आजाद राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलवाड़ा में निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 4 वर्ष से छोटे बच्चों को खांसी की दवा न दी जाए, उसके बाद उन्होंने तिलवाड़ा मुख्य बाजार में कई दवा दुकानों का निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने चार कफ सीरप सैंपल के लिए लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए। औषधि निरीक्षक अमित आजाद ने अभिभावकों से अपील की कि 4 साल से छोटे बच्चों को खांसी जुकाम की दवा नहीं देनी चाहिए। साथ ही पहले से प्रयोग में लाई गई खुली दवा को किसी भी बच्चे को सेवेन न कराएं। खुली दवाइयां में विभिन्न प्रकार के दूषित अथवा फंगस ग्रोथ हो सकती है, जो कि बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, साथ ही बदलते मौसम में बच्चों का अच्छे से ध्यान रखा जाए, जिससे उन्हें किसी भी इंफेक्शन से बचाया जा सके। औषधि निरीक्षक ने बताया कि यह कार्यवाही चलती रहेगी।

### 1666 शिक्षण संस्थाओं में खिलाई गई बच्चों को एल्बेंडाजोल

रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर जनपद में 1666 सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, महाविद्यालय व तकनीक शिक्षण संस्थाओं में 01 से 19 आयु के लक्षित आयु वर्ग के बच्चों को एल्बेंडाजौल की दवा खिलाई गई। किसी कारण दवा खाने से छूट गए बच्चों को 15 अक्टूबर को होने वाले मॉप–अप डे पर दवा खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश के निर्देशन में संगम बाजार स्थित संस्कृत महाविद्यालय में छात्रों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजौल खिलवाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य शशि भूषण बमोला ने कहा कि बच्चों के विकास के लिए जरूरी है कि वे स्वस्थ रहें। कार्यक्रम समन्वयक/काउंसलर विपिन सेमवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ–साथ शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और अभिभावकों को 01 से 19 वर्ष तक के लक्षित शत प्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजौल दवा खिलवाई जा रही है। इस मौके पर आचार्य सुखदेव प्रसाद सिलोड़ी, कुलदीप डिमरी, विनय नैनवाल, जिला समन्वयक आईईसी हरेंद्र सिंह नेगी, सोशल वर्कर एनटीसीपी दिगपाल कंडारी मौजूद थे।

### त्योहार सीजन में लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग

नई टिहरी। नगर पंचायत लंबगांव के व्यापारियों ने नवनियुक्त थानाध्यक्ष से भेंटकर कई समस्याओं पर चर्चा की। इस मौके पर व्यापारियों ने त्योहार के चलते बाजार में वाहनों के जाम लगने सहित कई मुद्दे थानाध्यक्ष के समक्ष रखे। बुधवार को लंबगांव थाने में स्थानीय व्यापारियों ने नवनियुक्त थाना संजीव थपलियाल से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पंवार ने क्षेत्र व बाजार से संबंधित समस्याएं थानाध्यक्ष के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि, शादी व त्यौहार सीज़न के चलते बाजारो में गाड़ियों की भीड़–भाड़ से सड़कें पूरी तरह जाम हो रही है। साथ ही दीपावली पर्व पर प्रवासियों के घर लौटने के चलते नगर में अत्यधिक जाम लगने का अंदेशा है। जिससे आम राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने जाम की समस्या को देखते हुए बाजार में दरोगा सहित कम से कम तीन पुलिस कांस्टेबल तैनात किए जाने की मांग की है। वहीं व्यापारियों ने मांगलिक कार्यों में किन्नर समाज द्वारा मनमाने ढंग से मांगी जा हरी रकम पर भी अंकुश लगाने की मांग की। मौके पर उपाध्यक्ष उदयवीर नेगी, कोषाध्यक्ष अमन राणा, सचिव विजय धनाई, संरक्षक युद्धवीर सिंह राणा, अर्जुन बिष्ट, सौरव रावत, राजवीर पंवार, अजय कंडियाल, सोनपाल राणा आदि मौजूद रहे।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** पौड़ी पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के आरोपी को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। आरोपी ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम से दो युवकों से 2 लाख 20 हजार रुपये की ठगी की गई थी।

पौड़ी के एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि इस मामले में 6 अगस्त को 2024 को पाबौ निवासी अनूप चौहान ने कोतवाली पौड़ी में एक शिकायती दी थी। जिसमें बताया कि कुलदीप रावत निवासी निसणी पौड़ी ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम से उसके एक दोस्त और उससे 2 लाख 20 हजार रुपये की ठगी की। इस बीच आरोपी ने उन्हें अर्मेनिया भी बुलाया और आरोपी खुद वहां से गायब हो गया। इसके बाद उनका वीजा भी खत्म हो गया था और वमुश्किल वापस भारत आ पाए। जिस पर कोतवाली पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसएसपी ने बताया कि सीओ सदर तुषार बोरा की अगुवाई में एक पुलिस टीम बनाई गई। जांच के दौरान यह पता चला कि आरोपी कुलदीप सिंह अर्मेनिया में ही रह रहा है। जिस पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से एनबीडब्ल्यू वारंट लिया गया और लुक आउट नोटिस जारी किया। टीम ने लगातार सर्विलांस से आरोपी पर नजर रख रही थी। कई महीनों बाद बाद आरोपी को बीती 6 अक्तूबर को जयपुर हवाई अड्डे से गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लग गई। आरोपी को पौड़ी लाकर कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में पाबौ चाकी प्रभारी नवीन पुरोहित सहित नरेन्द्र सिंह और बारु दत्त शर्मा आदि शामिल रहे।



### चूना भट्टा में कब्जे चिन्हित करने को पैमाइश के आदेश

देहरादून। अधोईवाला चूनाभट्टा में वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जों की असल तस्वीर सामने आएगी। इसके बाद इन कब्जों को हटाया जाएगा। वक्फ बोर्ड के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने जमीन के सीमांकन एवं कब्जों को चिन्हित करने के लिए पैमाइश के आदेश कर दिए हैं। वक्फ बोर्ड के मुताबिक अधोईवाला चूनाभट्टा वक्फ संख्या आठ में उनके करीब 200 मकान एवं दुकान हैं। जिस पर बड़ी संख्या में कब्जे है। विगत दिनों वक्फ बोर्ड की ओर से मुतवल्ली के माध्यम से करीब 70 से ज्यादा नोटिस दिए थे। वक्फ से संबंधित कागजात दिखाने या संपत्तियों को खाली करने को कहा गया, लेकिन मकान एवं दुकानों पर काबिज लोगों ने कह दिया यह उनकी निजी संपत्तियां है, वक्फ की नहीं। वक्फ बोर्ड के सीईओ सैय्यद सिराज उस्मान की ओर से जिला प्रशासन को चिट्ठी लिखकर यहां पर पैमाइश कराने का अनुरोध किया ताकि कब्जों की स्थिति स्पष्ट हो सके। डीएम सविन बंसल की ओर से एसडीएम सदर को संपत्तियों का मुतवल्ली की मौजूदगी में सीमांकन करने और कब्जों का कब्जाधारकों एवं संपति का ब्योरा देने को निर्देशित किया है। मुतवल्ली गुलफाम शेख ने बताया कि यहां पर वक्फ की संपति है और विगत दिनों सड़क चौड़ीकरण में भी वक्फ बोर्ड को ही मुआवजा मिला है। करीब साढ़े 32 बीघा जमीन है, जिस पर कब्रिस्तान, मस्जिदें, दुकान और मकान बने हैं।

# जवाड़ी बाईपास बंद होने से रुद्रप्रयाग में वाहनों का दबाव बढ़ा

रुद्रप्रयाग। बीते दिनों हुई बारिश से मुख्यालय स्थित जवाड़ी बाईपास पुल की एक तरफ की एप्रोच रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण बाईपास से आवाजाही दूसरे दिन भी ठप रही। बाईपास पर वाहनों का आवागमन बंद होने से सभी वाहनों मुख्य बाजार से आवाजाही कर रहे हैं, जिससे यहां कई बार जाम की स्थिति पैदा हो रही है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को भी जवाड़ी बाईपास से वाहनों की आवाजाही बंद रही। जबकि पुल के एप्रोच रोड़ के दुरुस्त करने का काम जारी है। मुख्य बाजार में वाहनों का दबाव बढ़ने से कई बार जाम की स्थिति पैदा हो रही है जिससे लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मार्ग के सुचारु होने तक तक तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, ऊखीमठ व केदारघाटी के लिए वाहनों का आवागमन नगर से बेलनी पुल होते हुए संचालित किया जा रहा है। जबकि ऋषिकेश से बदरीनाथ आने जाने वाले वाहन भी इसी मार्ग से आवाजाही कर रहे हैं जिससे जाम की स्थिति पैदा हो गई है। जबकि पुलिस केदारनाथ धाम आने वाले यात्री वाहनों को टिहरी–चिरबटिया–मयाली–तिलवाड़ा मोटर मार्ग से भी आवाजाही कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल ने बुधवार को भी बाधित हुए स्थल का निरीक्षण किया। जबकि नगर में होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग को सुगम आवागमन के लिए अतिक्रमण मुक्त रखे जाने सहित मुख्य बाजार रुद्रप्रयाग में भी वाहनों को किसी भी दशा में खड़ा न किए जाने के लिए निरीक्षक यातायात व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# कृषक तीरथ नेगी ने उगाई 2 फुट लंबी पहाड़ी ककड़ी

**जगमोहन डांगी।**

पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल के पट्टी पटवास्यूं उन्नत कृषक तीरथ सिंह नेगी ने पहाड़ी ककड़ी की बेल पर दो फीट लंबी पहाड़ी ककड़ी उगाई है। जो क्षेत्र में चर्चा की विषय बनी हुई है।

ककड़ी का वजन पांच किलो बताया जा रहा है। कृषक तीरथ सिंह नेगी ने खेत में पहाड़ी ककड़ी का बीज बोया था। ककड़ी की बेल पर दो फीट लंबी पहाड़ी ककड़ी की पैदावार हुई, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। कृषक तीरथ सिंह नेगी ने बताया कि एक ही बेल से उन्होंने बाजार में 50 किलो ककड़ी बेची है। बताया कि बेल पर एक ककड़ी दो फीट लंबी हुई, जिसका अनुमानित वजन लगभग पांच किलो है। जिसे बीज के रूप में संरक्षण के लिए रख दिया था। पूर्व प्रधान बीरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि तीरथ सिंह नेगी भारतीय डाक विभाग कल्जीखाल में हल्कर है। वह एक उन्नत काश्तकार है। डाक सेवा के अलावा वह खेती कर साग-सब्जी का उत्पादन करते है। बताया कि उन्हें उद्यान एवं कृषि विभाग से पुरस्कृत करने के लिए मांग की जाएगी।



### मसूरी प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान ने चार्ज लिया

देहरादून। नव नियुक्त कोतवाल देवेंद्र सिंह चौहान ने मसूरी कोतवाली का कार्य ग्रहण करने के बाद पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली व जरूरी निर्देश दिए। बैठक के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने सभी को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, तथा जनता के प्रति सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर अनावश्यक टिप्पणी या पोस्ट करने से परहेज करने, वर्दी को सदैव साफ–सुथरी एवं व्यवस्थित रूप से धारण करने के निर्देश दिए ताकि पुलिस विभाग की गरिमा एवं छवि बनी रहे। उन्होंने थाना अथवा चौकी पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत को धैर्यपूर्वक सुनकर उसका समयबद्ध एवं न्यायोचित निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

# कांग्रेस ने अग्निवीर से युवाओं को होने वाले नुकसान बताएं

## कांग्रेस की जनजागरण रथ यात्रा पहुंची पौड़ी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कांग्रेस की अग्निवीर योजना के विरोध में चल रही जनजागरण रथ यात्रा बुधवार को पौड़ी पहुंची। इस दौरान कांग्रेसियों ने शहर में रैली निकालकर अग्निवीर योजना का विरोध किया। साथ ही पूर्व सैनिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने सरकार से जल्द ही अग्निवीर योजना को खत्म करने की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अग्निवीर योजना से देश के युवा बेरोजगारों के साथ अन्याय किया जा रहा है, जो देश हित में नहीं है। उन्होंने इस दौरान अग्निवीर से युवाओं को होने वाले नुकसान गिनाए।

बुधवार को पौड़ी पहुंची कांग्रेस की जनजागरण रथ यात्रा में कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष करनाल राम रतन नेगी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने एजेंसी चौक से बस अड्डे तक अग्निवीर भर्ती के विरोध में जन जागरण रथ यात्रा निकाली। केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश में अग्निवीर भर्ती लागू कर देश के युवाओं और उनके भविष्य के साथ विश्वासघात किया है। कांग्रेसियों ने अग्निवीर योजना के स्थान पर पहले की तरह फौज में नियमित भर्ती करने की मांग उठाई। कहा की अग्निवीर भर्ती का बड़ा असर उत्तराखंड के युवाओं पर पड़ा है, जिससे सेना में भर्ती को लेकर युवाओं में उत्साह कम हो गया है। उन्होंने देश की सुरक्षा को लेकर इस भर्ती प्रक्रिया को घातक भी बताया। कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर इस योजना को बंद कर पुरानी नियमित भर्ती व्यवस्था लागू करने की जाएगी। इस दौरान बताया गया कि अग्निवीर योजना के खिलाफ जन जागरण रथ यात्रा को चार चरणों में प्रदेश के गढ़वाल, कुमाऊं और तराई के सभी जनपदों में ले जाया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनोद नेगी, कार्यालय प्रभारी वीरेंद्र रावत, सुंदरलाल मुयाल, जगदीश चंद्रा, कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष बलवीर सिंह पंवार, कैप्टन मातबर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ खिर्सू सूबेदार राजपाल सिंह रावत, पूर्व सैनिक ब्लाक अध्यक्ष हवलदार गोविंद सिंह रावत, पूर्व सैनिक जिला अध्यक्ष पौड़ी रणवीर लाल, बुद्धि सिंह रावत, प्रचार सचिव कैप्टन सोबन सिंह सजवाण, हवलदार मनमोहन सिंह आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्कूली बच्चों को खिलाई गयी कृमि नाशक दवा

चमोली। राजकीय बालिका हाई स्कूल नंदप्रयाग में प्रधानाचार्य श्रीमती उर्मिला सजवान महोदया ने आज एक छात्रा को कृमि नाशक दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया। कार्यक्रम मे किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम परामर्शदाता श्रीमती रेखा नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 1,05,650 बच्चों एवं किशोर किशोरियो को पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जा रही। एल्बेंडाजोल की गोली बच्चों के लिए सुरक्षित दवा है।दवा स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के निगरानी में खिलाई जा रही है। कृमि नाशक दवाई खाने से छूट बच्चों को 15 अक्टूबर को मॉप – अप दिवस पर खिलाया जाएगा, बच्चों में कृमि नियंत्रण से खून की कमी में सुधार ,बेहतर पोषण, सीखने की क्षमता में सुधार लाने में मदद, भविष्य में कार्य क्षमता,व वातावरण में कृमि की संख्या कम होने पर जन समुदाय को लाभ मिलता हैं।कार्यक्रम में किशोर स्वास्थ काउंसलर विक्रम सिंह रावत ने जानकारी देते बताया कि कृमि नियंत्रण की दवाई खाने के साथ –साथ कृमि संक्रमण रोकथाम के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक हैं। विशेषकर बच्चों को नाखून साफ रखें, हमेशा साफ पानी पिए,खाने को ढक कर रखें, साफ पानी से फल ,और सब्जियां धोयें, खुले में शौच न करें, हमेशा शौचालय का प्रयोग करें ,अपने हाथ खाने से पहले और शौच के बाद अवश्य धोएं ,कार्यक्रम मैं आरबीएसके डॉ पूनम मिंगवाल, फार्मेसी अधिकारी आरती सती, गीता पुरोहित स्कूल के सभी शिक्षिकाएं ,एवं छात्राएं मौजूद रहे।



### सिलाई प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार की दिशा में बढ़े आगे

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक के नागदेव पथल्ड में ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति (राड्स) रानीचौरी की पहल पर सेवा टीएचडीसी के वित्तीय सहयोग से 4 माह का निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र शुरू हुआ। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित यह प्रशिक्षण स्थानीय स्तर पर रोजगार और कौशल विकास की दिशा में अहम कदम साबित होगा। बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता और राड्स समिति अध्यक्ष सुशील बहुगुणा ने रिबन काटकर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। कुडियाल गांव के प्रधान गोपाल सिंह ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण ग्रामीण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। मास्टर ट्रेनर रेखा नकोटी ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि हर प्रशिक्षु इस कोर्स के बाद खुद अपने स्तर पर कपड़े तैयार कर सके।

# सड़क मार्ग नहीं होने से ग्रामीण हो रहे हैं परेशान

देहरादून। नगर पंचायत सतपुली के मल्ली सतपुली का संपर्क सड़क मार्ग एनएच निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे ग्रामीणों को परेशान का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले ही बारिश से भूमि धंसाव हो गया था। इसके बाद एनएच के सड़क निर्माण कार्य के दौरान सड़क के किनारे खुदाई की गई जिससे गांव की सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। गांव को आवागमन करने को अन्य कोई मार्ग नही है। सड़क धंसने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बारिश शुरू होने के बाद से ही मल्ली सतपुली तिराहे की स्थिति बिगड़ने लगी थी। दो दिन लगातार हुई भारी बारिश से सड़क पर गड्ढे बनने शुरू हो गए थे। सड़क पर हुआ गड्ढा पूरा खोखला नजर आ रहा है जिससे लोनिवि पर सवाल कई सवाल खड़े किए जा रहे हैं। तिराहे के पास की सड़क 100 मीटर धंस गई। सड़क के बीचो–बीच कई दरारें व आ चुकी है। साथ ही सड़क कई जगह से पूरी क्षतिग्रस्त हो गयी है। जिसके चलते आवागमन करना मुश्किल हो गया है। सड़क से वाहन चलाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एनएच निर्माण कार्य के चलते सड़क पहले ही कमजोर हो गई थी, इसके बाद बारिश ने रही सही कसर निकाल दी। एनएच के इंजीनियर विनय भदौरिया ने बताया कि सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को इस बाबत जानकारी दे दी गयी है। विभागीय अधिकारियों की टीम घटना के बाद मौके पर पहुंचकर मुआयना कर चुकी है।

# अगस्त्यमुनि बीडीसी की पहली बैठक में जमकर हंगामा

रुद्रप्रयाग। अगस्त्यमुनि विकासखंड की बीडीसी बैठक भारी हंगामे और विरोध के बीच शुरू तो हुई, किंतु कुछ ही देर में बैठक स्थगित करनी पड़ी। 118 असंगठित ग्राम पंचायतों को आमंत्रित न किए जाने से आक्रोशित प्रधानों ने ब्लॉक सभागार के बाहर प्रदर्शन किया। बैठक में 41 संगठित पंचायतों के प्रतिनिधियों और सभी 40 क्षेत्र पंचायत की मौजूदगी में बैठक शुरू की गई। काफी विरोध और विवाद के बीच बैठक परिचय के साथ ही स्थगित करनी पड़ी। अगस्त्यमुनि ब्लॉक प्रमुख भुवनेश्वरी देवी, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत की मौजूदगी बैठक शुरू हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों और अधिकारियों का परिचय हुआ। इस बीच सदन के मुख्य दरवाजे पर खड़े विरोध कर रहे सदस्य भारी नारेबाजी करते रहे। जिसके चलते ब्लॉक प्रमुख भुवनेश्वरी देवी द्वारा बैठक को स्थगित किया गया। इस पर सुबह से बैठक के इंतजार में बैठे संगठित ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य नाराज हो गए। उनका कहना था कि ब्लॉक प्रमुख ने राजनीति से प्रेरित होकर बैठक स्थगित की, जो स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा के अनुरूप नहीं है। केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की भावना से इस सदन में आते हैं।

### नियमितीकरण से रोषित उपनलकर्मी आंदोलन की तैयारी में

नई टिहरी। जिले के उपनल कर्मचारियों की वर्चुअल बैठक में प्रदेश सरकार के नियमितीकरण न करने पर रोष जाहिर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उपनल कर्मचारियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। सीएम धामी की उपनल कर्मियों को नियमितीकरण की मांग धरातल पर कहीं नजर नहीं आ रही है। वर्चुअल बैठक में उपनल कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष महेश उनियाल ने कहा कि जहां 2018 से 2025 तक लगभग 7 वर्ष तक हाईकोर्ट से लड़ाई जीतने के पश्चात भी उपनल कर्मचारी को न्याय नहीं मिल रहा है। एक बड़े संघर्ष के पश्चात सरकार एसएलपी सुप्रीम कोर्ट1 5 अक्टूबर 2025 खारिज करवाने के पक्ष में है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने बीती 23 मार्च 2025 को उपनल कर्मचारी को नियमित करने की बात कही गई थी। लेकिन आज तक इस पर कोई कार्यवाही सामने नहीं आई है। उपनल कर्मियों के जिला महामंत्री नवीन सिंह ने बताया राज्य सरकार उपनल कर्मचारी के विरोध में लगभग 8 वर्षों में लाखों रूपए खर्च कर चुकी है। कर्मचारियों में इससे भारी आक्रोश है।

# उद्यान विभाग ने लीलियम के उत्पादन से काश्तकारों की आय बढ़ाने की कवायद की शुरू

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देश पर चमोली जनपद में फूलों की खेती के जरिए काश्तकारों की आय बढाने के उद्यान विभाग की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत जिला योजना के माध्यम से विभाग ने इस वर्ष जनपद में बड़े पैमाने पर लीलियम की व्यावसायिक खेती करने का कार्य शुरु कर दिया है। विभाग की ओर से जिले में लीलियम के बल्ब वितरण का कार्य शुरु कर दिया है। बुधवार को उद्यान विभाग की ओर से दशोली ब्लॉक के रौली, मंडल, बैरागना और कोटेश्वर गांव के 12 काश्तकारों को लीलियम के 24 हजार बल्ब का वितरण किया गया।मुख्य उद्यान अधिकारी नितेंद्र सिंह ने बताया कि चमोली जनपद में बीते दो वर्षों से विभाग की ओर से 16 काश्तकारों के साथ पायलट प्रोजेक्ट के तहत लीलियम का उत्पादन किया जा रहा है। जिससे काश्तकारों की बेहतर आय प्राप्त हो रही है। जिसे देखते जिलाधिकारी चमोली महोदय के निर्देश पर इस वर्ष जनपद में लीलियम के उत्पादन को बढ़ाने की योजना बनाई गई है। जिसके जिला योजना की ओर से 19 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिससे विभाग ने इस वर्ष लीलियम के 1 लाख बल्ब के रोपण की योजना बनाई है। जिनमें से वर्तमान तक 32 काश्तकारों को 50 हजार बल्ब वितरित कर रोपण करवाया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से काश्तकारों को जहां लीलियम के कृषिकरण की तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं लीलियम के स्टिक के विपणन की भी व्यवस्था की गई है।



# डीएम तिवारी ने की नंदा देवी राजजात यात्रा तैयारियों की समीक्षा

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में आज नंदा देवी राजजात यात्रा तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने यात्रा के सुचारु और सफल संचालन को लेकर अधिकारियों को निर्माण कार्य समय से शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने किसी भी विपरीत परिस्थिति से निटपने के लिए भी योजना तैयार करने की बात कही। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को यात्रा की तैयारियों को लेकर सप्ताह में एक बार नियमित रूप से बैठक लेते हुए कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। जिला सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आगामी 2026 में आयोजित होने वाली नंदा देवी राजजात यात्रा के लिए प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जल संस्थान, ऊर्जा निगम, स्वास्थ्य विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस, लोनिवि, पीएमजीएसवाई के साथ ही सभी रेखीय विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्यों का चयन करने और स्वीकृत कार्यों की टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। ताकि समय से निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जा सके। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभागों को विपरीत परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस और उप जिलाधिकारियों को यात्रा पड़ावों पर आवास, पार्किंग, पैदल मार्ग, पेजयल, विद्युत की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रा पड़ावों पर आवश्यकता के अनुसार पार्किंग निर्माण के लिए भूमि का चयन करने के भी निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने यात्रा में आने वाले यात्रियों के पंजीकरण और ट्रैकिंग की व्यवस्था बनाने, आपदा जैसी स्थिति में भोजन, पेयजल और रेस्क्यू कार्यों के लिए भी योजना तैयार करने की बात कही। उन्होंने यात्रा पड़ावो पर संचार व्यवस्था को देखते हुए सर्विस प्रोवाइडर कम्पनियों से भी संवांद स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। यात्रा के निर्जन पड़ावों पर सामग्री ढुलान के लिए घोड़े खच्चर की व्यवस्था, यात्रा मार्ग से जुड़े वैकल्पिक पैदल और सड़क मार्गों का चयन, यात्रा मार्ग भी विद्यलायों की सूची तैयार करने, यात्रा के दौरान कचरा प्रबंधन की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, डीएफओ बदरीनाथ वन प्रभाग सर्वेश दुबे, मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक गुप्ता, पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़, आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदकिशोर जोशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### प्रोफेसर महेंद्र कुमार पंत एनाटॉमिकल सोसाइटी यूपी के उपाध्यक्ष निर्वाचित

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान, अल्मोड़ा के एनाटॉमी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर महेंद्र कुमार पंत उत्तर प्रदेश एनाटॉमिकल सोसाइटी के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उन्हें यह दायित्व दूसरी बार मिला है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में 6 और 7 अक्टूबर को आयोजित उत्तर प्रदेश एनाटॉमिकल सोसाइटी चैप्टर के वार्षिक अधिवेशन में डॉक्टर पंत का चयन उपाध्यक्ष पद पर किया गया। इस अधिवेशन में देशभर के विभिन्न मेडिकल संस्थानों और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) के विशेषज्ञों ने भाग लिया। अधिवेशन के दौरान प्रोफेसर पंत ने वैज्ञानिक सत्र में चेयरपर्सन के रूप में भी सहभागिता की। इस दौरान टेंपोरल बोन डिसेक्शन सहित एनाटॉमी के क्षेत्र में उपयोगी आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में विभिन्न शोध पत्र प्रस्तुत किए गए और एनाटॉमी विषय से जुड़े नवाचारों पर गहन विचार–विमर्श किया गया।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com